राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

## शपथ ग्रहण समारोह रामनिवास बाग में 15 दिसंबर को

## राज्यपाल श्री मिश्र मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल के दो सदस्यों को दिलाएंगे शपथ

जयपुर, 13 दिसंबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राज्य के मनोनीत मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा को बधाई और शुभकामना देते हुए उनके द्वारा प्रस्तावित शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम का अनुमोदन किया है। राज्यपाल श्री मिश्र द्वारा उन्हें 15 दिसंबर को शपथ ग्रहण के लिए आमंत्रित किया गया है।

राज्यपाल श्री मिश्र 15 दिसंबर, 2023 को रामनिवास बाग, जयपुर में मुख्यमंत्री के रूप में श्री भजन लाल शर्मा को एवं श्रीमती दिया कुमारी और श्री प्रेमचंद बैरवा को मंत्रिमंडल सदस्य की शपथ दिलाएंगे।

———————